दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 14 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक अस्सी प्रतिशत से अधिक लोगों ने गणना प्रपत्र जमा किये।

02. राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक सितंबर से फिर शुरू होगी। परिस्थितियों को देखते हुए तय होगी प्रीमियम की राशि।

03. सावन की पहली सोमवारी आज। मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों का लगा हुआ है तांता।

04. और, बिहार ने उड़ीसा को मात देकर जीता जूनियर राष्ट्रीय बालक रग्बी सेवन एस बालक चैंपियनशिप का खिताब।

---

प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक लगभग अस्सी प्रतिशत से अधिक लोगों ने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बिनोद सिंह गुंजियाल ने कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को लेकर अधिक उत्साह देखा जा रहा है। श्री गुंजियाल ने बताया कि पहली अगस्त को प्रकाशित होने वाली अस्थायी सूची में नाम शामिल कराने के लिए जिन मतदाताओं के पास वोटर कार्ड उपलब्ध है, उन्हें भी जरूरी दस्तावेजों के साथ फॉर्म भरना होगा। उन्होंने बताया कि आवश्यक दस्तावेज नहीं होने पर मतदाता फिलहाल गणना प्रपत्र जमा कर दें। आवश्यक दस्तावेज़ जमा करने के लिए मतदाताओं को तीस अगस्त तक का समय दिया जायेगा। मुख्य निवार्चान पदाधिकारी ने कहा है कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण में बीस जुलाई से बूथ लेवल अधिकारी एक बार फिर घर–घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म एकत्र करेंगे।

---

राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक सितंबर से दोबार शुरू होगी। सहकारिता मंत्री डॉक्टर प्रेम कुमार ने बताया है कि इसके लिए में केंद्रीय टीम प्रदेश का दौरा कर चुकी है। उन्होंने कहा कि योजना को लागू करने के लिए केंद्र सरकार के

साथ सहमति भी बन चुकी है। सूत्रों के अनुसार राज्य की परिस्थितियों को देखते हुए बीमा की प्रीमियम की राशि तय की जायेगी। गौरतलब है कि प्रदेश में वर्ष दो हजार सोलह–सत्रह में यह योजना लागू हुई थी। वर्तमान में बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल नुकसान होने पर सहायता प्रदान की जाती है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नकली और खराब गुणवत्ता वाले उर्वरकों के मुद्दे पर तत्काल और सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बारे में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को एक पत्र लिखा है। यह पत्र देश भर में नकली उर्वरकों की बिक्री, सब्सिडी वाले उर्वरकों की कालाबाजारी और जबरन टैगिंग जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भेजा गया है। श्री चौहान ने कहा कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उन्हें सही समय और उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना आवश्यक है। एक रिपोर्ट...

———बाइट———

केंद्र सरकार ने कहा कि राज्यों की जिम्मेदारी है कि वह सही जगहों और स्थान पर उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें। राज्यों को सख्त कानूनी कार्रवाई करने के लिए कहा गया है, जिसमें लाइसेंस रद्द करना और दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना शामिल है। सरकार ने सभी राज्यों से नकली और घटिया किस्म की इनपुट की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए राजव्यापी अभियान शुरू करने का आग्रह किया है। सरकार ने उर्वरक उत्पादन और बिक्री की नियमित निगरानी के साथ–साथ परीक्षण के माध्यम से नकली उत्पादों पर सख्त नियंत्रण का आह्वान किया है। राज्यों को निगरानी प्रक्रिया में किसानों और किस समूहों को शामिल करने के लिए फीडबैक तथा सूचना प्रणाली विकसित करने का निर्देश भी दिया गया है। राज्यों को असली और नकली उत्पाद की पहचान करने के बारे में किसानों को शिक्षित करने के लिए विशेष प्रयास करने का आग्रह भी किया गया है। सुपर्णा सेकिया की रिपोर्ट के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

———————————————————————

स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के अंतर्गत शिक्षा ऋण लेने वाले छात्र–छात्राओं का निधन होने की स्थिति में उनके परिवार से राशि की वसूली नहीं की जाएगी। शिक्षा विभाग के अनुसार इस राशि को माफ किया जाएगा। वर्तमान में छात्रों के अभिभावक लोन के गारंटर के रूप में अपना हस्ताक्षर करते हैं, जिसमें छात्र के बाद ऋण की राशि जमा करने की जिम्मेदारी उनकी होती है। नये प्रावधान के बाद प्रदेश में एक सौ पचासी मृत छात्र–छात्राओं के परिजनों को लोन की राशि चुकाने की विवशता से राहत मिल गयी है।

———————————————————————

राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में स्किन बैंक बनाए जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने पटना में नेशनल एकेडमी ऑफ बर्न इंडिया, एनएबीआई के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के जिन मेडिकल कॉलेजों में बर्न यूनिट है वहां स्किन बैंक बनाए जायेंगे। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में बर्न यूनिट को और सशक्त बनाया जाएगा। गौरतलब है कि जलने के बाद पीड़ित के शरीर पर बने निशानों को हटाने के लिए त्वचा की जरूरत पड़ती है। इसके लिए स्किन बैंक डोनर से त्वचा को एकत्र कर उसे संग्रहित करते हैं।

---

नेशनल मेडिकल कमिशन–एनएमसी ने देश और प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को छात्रों से ली गई फीस का ब्योरा सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। निर्देश में कहा गया है कि कॉलेजों को दाखिले के समय छात्रों से ट्यूशन और हॉस्टल फीस समेत अन्य फीसों की जानकारी देनी होगी। इसके अलावा जूनियर डॉक्टरों को दिये जाने वाले मानदेय की जानकारी भी सार्वजनिक करनी होगी। एनएमसी ने कहा है कि इन निर्देशों का पालन नहीं करने पर अस्पतालों को स्पष्टीकरण के साथ ही जुर्माना भी देना होगा।

---

एक्सियोम–फोर मिशन पर गए भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य की वापसी आज शुरू होगी। विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि वापसी यात्रा भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे से शुरू होगी और मिशन के सदस्य कल लगभग तीन बजे धरती पर पंहुचेंगे।

---

आज सावन की पहली सोमवारी है। इसे लेकर मंदिरों और शिवालयों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु शिवलिंग पर जलाभिषेक कर रहे हैं। पूरा वातावरण ओम नमः शिवाय के मंत्रोच्चार से गुंजायमान है। इस बार सावन महीने में चार सोमवार पड़ेंगे।

———म्यूजिक———

प्रदेश के शिवालयों और मंदिरों में भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर

के गरीबनाथ, सोनपुर के हरिहरनाथ, रोहतास के गुप्ताधाम, जहानाबाद के वाणावर, पटना के बैकटपुर धाम, लखीसराय के अशोकधाम, मधेपुरा के सिंहेश्वर स्थान, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान, सुपौल के तिलहेश्वर स्थान और सहरसा के मटेश्वरनाथ मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर उनका जलाभिषेक कर रहे हैं। इधर, भागलपुर के सुल्तानगंज स्थित अजगैबीनाथ मंदिर परिसर में विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले में भी श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखी जा रही है। राज्य में कई अन्य स्थानों पर भी श्रावणी मेले में बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंच रहे हैं।

———म्यूजिक———

---

इधर, भागलपुर जिले के सुल्तानगंज गंगा घाट और सारण जिले के पहलेजा गंगा घाट से डाक बम जल लेकर बाबा बैद्यनाथ और मुजफ्फरपुर के गरीबनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए जा रहे हैं। हमारे भागलपुर संवाददाता ने बताया है कि कावंड़ियों से उत्सव का माहौल बन गया है।

————रिपोर्ट———

भागलपुर जिले में कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ये कांवड़ियां एक सौ पांच किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर झारखंड के देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। बोल बम, ताड़क बम के नारों से पूरा मार्ग भक्तिमय बन गया है। इधर, जिला प्रशासन की ओर से डाक बमों को प्रमाण पत्र निर्गत करने के लिए कई स्थानों पर शिविर भी बनाया है। इन शिविरों में डाक बमों की सुविधा के लिए कई प्रकार की सेवाएं भी दी जा रही हैं। आकशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

वहीं, वैशाली जिला प्रशासन ने कांवड़ियों की सुविधा के लिए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। प्रत्येक शनिवार को सुबह छह बजे से सोमवार दोपहर दो बजे तक हाजीपुर से मुजपफरपुर जाने वाले सभी चार पहिया वाहन हाजीपुर के रामाशीष चौक से अंजान पीर, लालगंज, वैशाली, सरैया होते हुये मुजफ्फरपुर जायेंगे। जिला प्रशासन ने कहा है कि सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक शनिवार को दोपहर तीन बजे से रविवार मध्य रात्रि तक पुराने गंडक पुल पर चार पहिया और तीन पहिया वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

---

प्रदेश के विभिन्न भागों में एक बार फिर से मानसून की सक्रियता देखी जा रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने कहा है कि आज पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर और मधुबनी समेत राज्य के उत्तर पूर्व और दक्षिण पूर्व जिलों के कुछ स्थानों पर मेघ गर्जन, आंधी और वज्रपात की संभावना है।

———बाइट———

इस बीच विभाग ने कल से प्रदेश में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री गिरावट का पूर्वानुमान भी व्यक्त किया है। इससे प्रदेशवासियों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।

———————————————————

बिहार ने उड़ीसा को पराजित कर जूनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवन एस बालक चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बिहार ने उड़ीसा को सत्रह के मुकाबले पंद्रह अंकों से पराजित कर दिया। बिहार की ओर से गोल्डेन ने बारह और सन्नी ने पांच अंक बनाये।

———————————————————

मुंगेर पुलिस ने नौकरी के नाम पर अभ्यर्थियों से लगभग पैंतीस लाख रुपये की ठगी के मामले में झारखंड के जमशेदपुर से एक आरोपी रोशन झा को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

राजधानी पटना में सड़कों पर मोटरसाईकिल से स्टंट करने के मामले में पुलिस ने सात युवकों पर कार्रवाई करते हुए सत्तर हजार रूपये का जुर्माना वसूला है।

———————————————————

नवादा जिले के पकरी बरांवा थाना क्षेत्र में पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने अट्ठाईस लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————

पटना जिले के जक्कनपुर थाने की पुलिस ने मोबाईल चोरी करने वाले छह अपराधियों को ग्यारह मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————

सारण जिले के दरियापुर थाना क्षेत्र के बिसाही गांव में अपराधियों ने एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

———————————————————

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिभियां में प्रयोगशाला राशि के गबन की छानबीन करने के दौरान लिपिक की पिटाई करने के मामले में तीन शिक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

———————————————————

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा परिषद के डिप्लोमा सर्टिफिकेट कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। परिषद के अनुसार दूसरे चक्र के लिए बीस जुलाई को सीट का आवंटन जारी किया जाएगा। इक्कीस जुलाई तक आपत्ति दर्ज करा सकेंगे, जबकि नामांकन की प्रक्रिया चौबीस से छब्बीस जुलाई तक होगी।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरो को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को बड़ी खबर बनाते हुए शीर्षक दिया है – अवैध वसूली, रिसीविंग नहीं.. बीएलओ कन्फ्यूज।

दैनिक जागरण ने भी एसआईआर से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – बिहार की मतदाता सूची में नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार के लोग।

हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है – राज्य के पैंसठ लाख पचासी हजार मृतकों के आधार नम्बर किये गए निष्क्रिय।

प्रभात खबर ने जीविका के माध्यम से महिला सशक्तीकरण पर लिखा है – बीस लाख सत्तर हजार दीदियां हुईं लखपति, सात माह में सात लाख छब्बीस हजार बढ़ीं।

आज अखबार ने भारत के अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के बयान पर लिखा है – आज भी भारत ऊपर से सारे जहां से अच्छा दिखता है।

राष्ट्रीय सहारा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक अस्सी प्रतिशत से अधिक लोगों ने गणना प्रपत्र जमा किये।

02. राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एक सितंबर से फिर शुरू होगी। परिस्थितियों को देखते हुए तय होगी प्रीमियम की राशि।

03. सावन की पहली सोमवारी आज। मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही भक्तों का लगा हुआ है तांता।

04. और, बिहार ने उड़ीसा को मात देकर जीता जूनियर राष्ट्रीय बालक रग्बी सेवन एस बालक चैंपियनशिप का खिताब।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।